पत्र सं०–6 एस०एस०(6)28/2025– 2251/

# बिहार सरकार
# पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

प्रेषक,

गीता सिंह, भा०प्र०से०,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं हक) बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना–15, दिनांक–22/05/2025.

**अनौपचारिक रूप से परामर्शित।

द्वारा :– **आन्तरिक वित्तीय सलाहकार।**

विषय :– **सात निश्चय–2 के तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2026–27 तक दो वर्षों में कुल ₹ 595.00 लाख (रुपये पाँच करोड़ पंचानवे लाख) मात्र के अनुमानित व्यय पर कॉम्फेड, पटना अंतर्गत विभिन्न डेयरियों में कुल 07 (सात) Modified Atmospheric Packaging (MAP) यूनिट की स्थापना एवं वित्तीय वर्ष 2025–26 में ₹ 500.00 लाख (रुपये पाँच करोड़) मात्र व्यय करने की स्वीकृति।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राज्य सरकार ने सम्यक विचारोपरान्त सात निश्चय–2 के तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2026–27 तक दो वर्षों में कुल ₹ 595.00 लाख (रुपये पाँच करोड़ पंचानवे लाख) मात्र के अनुमानित व्यय पर कॉम्फेड, पटना अंतर्गत विभिन्न डेयरियों में कुल 07 (सात) Modified Atmospheric Packaging (MAP) यूनिट की स्थापना एवं वित्तीय वर्ष 2025–26 में ₹ 500.00 लाख (रुपये पाँच करोड़) मात्र व्यय करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना का विस्तृत व्यय विवरणी संलग्न।

2. प्रस्तावित योजना के तहत कॉम्फेड के विभिन्न डेयरियों यथा बरौनी डेयरी बरौनी, शाहाबाद दुग्ध संघ, आरा, तिरहुत दुग्ध संघ, मुजफ्फरपुर, मिथिला दुग्ध संघ, समस्तीपुर, वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध संघ, पटना एवं मगध दुग्ध संघ, गया में कुल 07 Modified Atmospheric Packaging (MAP) युनिट स्थापित किये जाने का प्रस्ताव है, जिसकी प्रति यूनिट लागत मूल्य ₹ 85.00 लाख की दर से ₹ 595.00 लाख का अनुमानित है।

3. प्रस्तावित योजना का मुख्य उद्देश्य डेयरी उत्पादों की शेल्फ लाईफ में वृद्धि करना ताकि उत्पाद अधिक समय तक बाजार में बिक्री योग्य रहें। खाद्य सुरक्षा मानकों (FSSAI, ISO, आदि) के अनुरूप आधुनिक, स्वच्छ और सुरक्षित पैकेजिंग सुविधा विकसित करना। बाजार क्षेत्र का विस्तार करना–विशेषकर दूरस्थ एवं निर्यात

बाजारों में दुग्ध उत्पादों को बिना खराब हुए पहुँचाना। ब्रान्ड वैल्यू एवं उपभोक्ता विश्वास बढ़ाना, जिस प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्राप्त हो सके।

4. योजना का क्रियान्वयन कॉम्फेड, पटना द्वारा किया जायेगा।

5. **बजट शीर्ष और बजट की उपलब्धता**—मुख्य शीर्ष—2404 —डेरी विकास, उप मुख्य शीर्ष—00, लघु शीर्ष—102 —डेरी विकास परियोजनाएँ, मांग संख्या—02, उप शीर्ष—0116 —आधुनिक तकनीकों द्वारा दुग्ध उत्पादन एवं प्रसंस्करण योजनाएँ—सात निश्चय—2, विपत्र कोड 02—2404001020116, विषय शीर्ष—0116.31.06 —सहायक अनुदान गैर वेतन मद से विकलनीय होगा।

6. निदेशक, गव्य का यह भी दायित्व होगा कि वित्त विभागीय संकल्प—573, दिनांक—16.01.1975 एवं एम०—04—15/2009—9736 वि०—2, दिनांक—19.10.2011 के अनुसार सहायक अनुदान की राशि का उपयोगिता प्रमाण—पत्र राज्यादेश निर्गत होने की तिथि से 18 माह के अन्दर विभाग एवं महालेखाकार (ले० एवं हक०) बिहार, पटना के कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जायेगा तथा व्यय को स्वीकृत राशि के अन्तर्गत सीमित रखा जायेगा।

7. दिनांक—08.05.2025 को सम्पन्न विभागीय स्थायी वित्त समिति की बैठक में प्रस्तावित स्कीम की स्वीकृति प्रदान की गयी है। कार्यवाही संचिका—6 एस०एस० (6)28/2025 के पृष्ठ 07—06/प०.

8. चुँकि यह योजना सात निश्चय—2 के तहत एक नई योजना है। योजना का लागत मूल्य रुपये 5.00 करोड़ से अधिक एवं 15.00 करोड़ से कम है। इसलिए वित्त विभागीय संकल्प—12888, दिनांक—03.12.2024 में सन्निहित प्रावधान के आलोक में प्रस्ताव एवं राज्यादेश प्रारूप में माननीय विभागीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है। संचिका सं०—6 एस०एस०(6)28/2025 के पृष्ठ—07/टि० दिनांक—16.05.2025.

9. राज्यादेश प्रारूप में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है। सं०सं०—6 एस०एस०(6)28/2025 के पृष्ठ—06/टि० तथा डायरी सं०—232, दिनांक—15.05.2025.

10. वित्त विभागीय पत्र संख्या—7355 दिनांक—05.10.2007 में सन्निहित प्रावधान के आलोक में महालेखाकार, बिहार, पटना से राशि की निकासी हेतु प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं होगी।

विश्वासभाजन

21/5/25

(गीता सिंह)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः—6 एस०एस०(6)28/2025— 2251 /पटना—15, दिनांक—22/05/2025.

प्रतिलिपिः—अनुलग्नक की प्रति के साथ वित्त विभाग (योजना शाखा/बजट शाखा)/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/5/25

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः—6 एस०एस०(6)28/2025— 2251 /पटना—15, दिनांक—22/05/2025.

प्रतिलिपिः—अनुलग्नक की प्रति के साथ कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/5/25

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः—6 एस०एस०(6)28/2025— 2251 /पटना—15, दिनांक—22/05/2025.

प्रतिलिपिः—अनुलग्नक की प्रति के साथ प्रबंध निदेशक, कॉम्फेड, पटना/निदेशक, गव्य, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/5/25

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः—6 एस०एस०(6)28/2025— 2251 /पटना—15, दिनांक—22/05/2025.

प्रतिलिपिः—अनुलग्नक की प्रति के साथ गव्य निदेशालय के बजट शाखा/योजना शाखा/लेखा शाखा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/5/25

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः—6 एस०एस०(6)28/2025— 2251 /पटना—15, दिनांक—22/05/2025.

प्रतिलिपिः—अनुलग्नक की प्रति के साथ मुख्यालय के सभी पदाधिकारी/योजना शाखा—06 के कार्यवाह सहायक को अतिरिक्त पाँच प्रतियों के साथ सूचनार्थ प्रेषित।

21/5/25

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः—6 एस०एस०(6)28/2025— 2251 /पटना—15, दिनांक—22/05/2025.

प्रतिलिपिः— अनुलग्नक की प्रति के साथ विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/विभागीय अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव/महालेखाकार, लेखा परीक्षा, महालेखाकार कार्यालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

21/5/25

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः—6 एस०एस०(6)28/2025— 2251 /पटना—15, दिनांक—22/05/2025.

प्रतिलिपिः— अनुलग्नक की प्रति के साथ आई० टी० मैनेजर, विभागीय कम्प्यूटर कोषांग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु को सूचनार्थ प्रेषित।

21/5/25

सरकार के अपर सचिव

# व्यय विवरणी

सात निश्चय–2 के तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2026–27 तक दो वर्षों में कुल ₹ 595.00 लाख (रुपये पाँच करोड़ पंचानवे लाख) मात्र के अनुमानित व्यय पर कॉम्फेड, पटना अंतर्गत विभिन्न डेयरियों में कुल 07 (सात) Modified Atmospheric Packaging (MAP) यूनिट की स्थापना एवं वित्तीय वर्ष 2025–26 में ₹ 500.00 लाख (रुपये पाँच करोड़) मात्र व्यय करने की स्वीकृति हेतु व्यय विवरणी :–

(राशि लाख में)

| विषय शीर्ष | योजना का विवरण | प्रति इकाई की दर से | कुल अनुमानित लागत | | कुल | निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का नाम | कोषागार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | वित्तीय वर्ष 2025–26 | वित्तीय वर्ष 2026–27 | | | |
| विपत्र कोड 02–2404001020116, विषय शीर्ष–0116.31.06 –सहायक अनुदान गैर वेतन मद | बरौनी डेयरी बरौनी, शाहाबाद दुग्ध संघ, आरा, तिरहुत दुग्ध संघ, मुजफ्फरपुर, मिथिला दुग्ध संघ, समस्तीपुर, वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध संघ, पटना एवं मगध दुग्ध संघ, गया में कुल 07 Modified Atmospheric Packaging (MAP) युनिट की स्थापना। | 85.00 | 500.00 | 95.00 | 595.00 | निदेशक, गव्य विकास निदेशालय, बिहार, पटना/ प्राधिकृत पदाधिकारी | सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना। |
| | कुल योग :– | | **500.00** | **95.00** | **595.00** | | |

(रुपये पाँच करोड़ पंचानवे लाख) मात्र

2251
22/05/25

सरकार के अपर सचिव